collegebatch.com

Series PQ2RS/2

Set – 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/2/2**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **39** printed pages.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख** ।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** *अभिकथन (A) :* एक साझेदारी फर्म में नया साझेदार प्रवेश पर पूँजी की एक सहमत राशि नगद या वस्तु रूप में लाता है ।

*कारण (R) :* एक साझेदारी फर्म में नया साझेदार प्रवेश पर साझेदारी फर्म की परिसम्पत्तियों तथा लाभों में भाग लेने का अधिकार ग्रहण करता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** *Assertion (A) :* In a partnership firm, at the time of admission, the new partner brings in an agreed amount of capital either in cash or in kind.

*Reason (R) :* In a partnership firm, at the time of admission, the new partner acquires the right to share the assets and the profits of the partnership firm.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

collegebatch.com

**2.** मीशा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 6,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 96 प्रति ऋणपत्र पर किया । 8% ऋणपत्र खाते में जमा होंगे : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 60,000

**3.** (i) भीम, अर्जुन तथा नकुल एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से वे लाभों को बराबर-बराबर अनुपात में विभाजित करने पर सहमत हुए । लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण अर्जुन का अधिलाभ अथवा त्याग होगा : *1*

(A) $\frac{1}{30}$ त्याग

(B) $\frac{1}{30}$ अधिलाभ

(C) $\frac{1}{15}$ त्याग

(D) $\frac{1}{15}$ अधिलाभ

**अथवा**

(ii) नीरू तथा मीतू क्रमशः ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,50,000 की पूँजी के साथ एक फर्म में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में यदि फर्म का अर्जित लाभ ₹ 17,500 है, तो 10% वार्षिक दर से उनकी पूँजी पर ब्याज होगा : *1*

(A) नीरू ₹ 15,000; मीतू ₹ 20,000

(B) नीरू ₹ 8,750; मीतू ₹ 8,750

(C) नीरू ₹ 20,000; मीतू ₹ 15,000

(D) नीरू ₹ 10,000; मीतू ₹ 7,500

**4.** मानस और रनवीर एक फर्म में साझेदार हैं, जिनके पूँजी शेष क्रमशः ₹ 1,20,000 तथा ₹ 80,000 हैं । संजू को फर्म के भावी लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । संजू अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,00,000 लाया । संजू के प्रवेश पर फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 5,00,000

(B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 1,00,000

collegebatch.com

2. Misha Ltd. issued 6,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 96 per debenture. 8% Debentures Account will be credited by : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 24,000
(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 60,000

3. (i) Bhim, Arjun and Nakul were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. With effect from 1st April, 2023, they agreed to share profits equally. Due to change in the profit sharing ratio, Arjun's gain or sacrifice will be : *1*

(A) Sacrifice $\frac{1}{30}$

(B) Gain $\frac{1}{30}$

(C) Sacrifice $\frac{1}{15}$

(D) Gain $\frac{1}{15}$

**OR**

(ii) Neeru and Meetu are partners in a firm with capitals of ₹ 2,00,000 and ₹ 1,50,000 respectively. If the firm earned a profit of ₹ 17,500 for the year ended 31st March, 2023, then interest on capital @ 10% p.a. would be : *1*

(A) Neeru ₹ 15,000; Meetu ₹ 20,000

(B) Neeru ₹ 8,750; Meetu ₹ 8,750

(C) Neeru ₹ 20,000; Meetu ₹ 15,000

(D) Neeru ₹ 10,000; Meetu ₹ 7,500

4. Manas and Ranvir are partners in a firm having capital balances of ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. Sanju is admitted as a new partner in the firm for $\frac{1}{5}$th share in future profits. Sanju brought ₹ 1,00,000 as his capital. The goodwill of the firm on Sanju's admission will be : *1*

(A) ₹ 5,00,000
(B) ₹ 2,00,000
(C) ₹ 3,00,000
(D) ₹ 1,00,000

collegebatch.com

**5.** (i) 1 जनवरी, 2023 को एक साझेदार अभिषेक ने फर्म को ₹ 3,00,000 का अग्रिम ऋण दिया । साझेदारी समझौते की अनुपस्थिति में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ऋण पर ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 18,000

(B) ₹ 4,500

(C) ₹ 9,000

(D) कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा

**अथवा**

(ii) यदि कोई साझेदार प्रत्येक तिमाही के अन्त में एक निश्चित राशि का आहरण करता है, तो आहरण पर ________ महीनों के लिए ब्याज प्रभारित किया जाएगा । *1*

(A) 9

(B) $7\frac{1}{2}$

(C) 6

(D) $4\frac{1}{2}$

**6.** *अभिकथन (A) :* जब साझेदारी का विघटन होता है, तो न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं होता ।

*कारण (R) :* साझेदारी का विघटन साझेदारों के बीच आपसी सहमति द्वारा होता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

**7.** (i) नामांकित/अधिकृत अंश/शेयर पूँजी है : *1*

(A) अंश/शेयर पूँजी का वह भाग जिसे कम्पनी द्वारा निर्गमित किया गया है ।

(B) अंश/शेयर पूँजी की वह राशि जिसके लिए भावी अंशधारकों/शेयरधारकों द्वारा वास्तव में आवेदन दिए गए हैं ।

(C) अंश/शेयर पूँजी की वह अधिकतम राशि जिसे निर्गमित करने हेतु कम्पनी अधिकृत है ।

(D) अंशधारियों/शेयरधारियों द्वारा वास्तविक रूप में भुगतान की गई राशि ।

**अथवा**

collegebatch.com

**5.** (i) On 1st January, 2023, Abhishek, a partner, advanced a loan of ₹ 3,00,000 to the firm. In the absence of a partnership agreement, the amount of interest on the loan for the year ending 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 18,000

(B) ₹ 4,500

(C) ₹ 9,000

(D) No interest will be provided

**OR**

(ii) If a partner withdraws a fixed amount at the end of each quarter, interest on drawings will be charged for __________ months. *1*

(A) 9

(B) $7\frac{1}{2}$

(C) 6

(D) $4\frac{1}{2}$

**6.** *Assertion (A) :* The court does not intervene when dissolution of partnership takes place.

*Reason (R) :* Dissolution of partnership takes place by mutual agreement between the partners.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

**7.** (i) Nominal/Authorised share capital is : *1*

(A) that part of the share capital which is issued by the company.

(B) the amount of share capital which is actually applied for by the prospective shareholders.

(C) the maximum amount of share capital which a company is authorised to issue.

(D) the amount actually paid by the shareholders.

**OR**

collegebatch.com

(ii) ऐसे ऋणपत्र जिनका कम्पनी की परिसम्पत्तियों पर एक विशिष्ट प्रभार नहीं होता, कहलाते हैं : *1*

(A) मोचनीय ऋणपत्र

(B) अरक्षित ऋणपत्र

(C) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

(D) अपरिवर्तनीय ऋणपत्र

**8.** आशु तथा बासु साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । चेतन को एक नए साझेदार के रूप में लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश दिया गया जो उसने आशु तथा बासु से बराबर-बराबर अनुपात में प्राप्त किया । आशु, बासु तथा चेतन का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 13 : 5 : 6 (B) 13 : 2 : 1

(C) 2 : 13 : 5 (D) 1 : 1 : 1

**9.** (i) यदि ₹ 100 के एक अंश/शेयर का हरण (forfeit) कर लिया गया है जिस पर ₹ 70 का भुगतान किया जा चुका है, तो इसे कितने न्यूनतम मूल्य पर पुन: निर्गमित किया जा सकता है ? *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 30

(C) ₹ 70 (D) ₹ 130

**अथवा**

(ii) यदि ₹ 10 के एक अंश/शेयर का हरण (forfeit) कर लिया गया है जिसे ₹ 2 प्रति अंश/शेयर प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था तथा जिस पर ₹ 8 (प्रीमियम सहित) माँगे गए थे तथा अंशधारी/शेयरधारी ने ₹ 6 (प्रीमियम सहित) का भुगतान कर दिया था, तो अंश/शेयर पूँजी खाता नाम होगा : *1*

(A) ₹ 10 से (B) ₹ 4 से

(C) ₹ 8 से (D) ₹ 6 से

**10.** 1 अप्रैल, 2022 को मेगा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर देय ब्याज की कुल राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 27,000 (D) ₹ 30,000

collegebatch.com

(ii) The debentures which do not have a specific charge on the assets of the company are called : *1*

(A) Redeemable Debentures

(B) Unsecured Debentures

(C) Zero Coupon Rate Debentures

(D) Non-Convertible Debentures

**8.** Ashu and Basu are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Chetan is admitted as a new partner with $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits which he acquires equally from Ashu and Basu. The new profit sharing ratio between Ashu, Basu and Chetan will be : *1*

(A) 13 : 5 : 6 (B) 13 : 2 : 1

(C) 2 : 13 : 5 (D) 1 : 1 : 1

**9.** (i) If a share of ₹ 100 on which ₹ 70 has been paid is forfeited, then at which minimum price can it be re-issued ? *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 30

(C) ₹ 70 (D) ₹ 130

**OR**

(ii) If a share of ₹ 10 issued at a premium of ₹ 2 per share, on which ₹ 8 (including premium) has been called and ₹ 6 (including premium) has been paid by the shareholder, is forfeited, then Share Capital Account will be debited with : *1*

(A) ₹ 10 (B) ₹ 4

(C) ₹ 8 (D) ₹ 6

**10.** On 1st April, 2022, Mega Ltd. issued 30,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. The total amount of interest due on debentures for the year ending 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 27,000 (D) ₹ 30,000

collegebatch.com

**11.** एक फर्म के विघटन के समय कुल परिसम्पत्तियाँ ₹ 6,00,000 तथा बाह्य देयताएँ ₹ 2,40,000 थीं । यदि परिसम्पत्तियों से ₹ 7,20,000 की वसूली हुई तथा ₹ 8,000 के वसूली व्ययों का भुगतान किया गया, तो वसूली पर लाभ अथवा हानि होगी : *1*

(A) हानि ₹ 1,20,000 (B) लाभ ₹ 1,20,000

(C) हानि ₹ 1,12,000 (D) लाभ ₹ 1,12,000

**12.** यदि साझेदारों के पूँजी खाते स्थायी हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सी मद का लेखा साझेदारों के पूँजी खातों में ***नहीं*** किया जाएगा ? *1*

(A) आहरण

(B) पूँजी का आहरण

(C) अतिरिक्त पूँजी लगाना

(D) पूँजी का आरम्भिक शेष

**13.** महाराजा लिमिटेड ने डोलफिन लिमिटेड की ₹ 15,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 2,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 12,60,000 के सहमत क्रय मूल्य पर किया । यह सहमति हुई कि क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% छूट पर निर्गमित करके किया जाएगा । निर्गमित ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(A) 13,000 (B) 12,600

(C) 10,000 (D) 14,000

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **14** तथा **15** के उत्तर दीजिए ।*

विवेक एवं निशा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 8,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 1 जुलाई, 2022 को विवेक ₹ 2,00,000 की अतिरिक्त पूँजी लाया । वर्ष के दौरान विवेक का आहरण ₹ 40,000 था, जबकि निशा का आहरण ₹ 80,000 था । साझेदारी समझौते के अनुसार, पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा । आहरण पर 5% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाएगा । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए शुद्ध लाभ की राशि ₹ 6,50,000 थी ।

**14.** निशा के आहरण पर ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,800

collegebatch.com

**11.** At the time of dissolution of a firm, the total assets were ₹ 6,00,000 and outside liabilities were ₹ 2,40,000. If assets realised ₹ 7,20,000 and realisation expenses of ₹ 8,000 were paid, the profit or loss on realisation will be : *1*

(A) Loss ₹ 1,20,000 (B) Profit ₹ 1,20,000

(C) Loss ₹ 1,12,000 (D) Profit ₹ 1,12,000

**12.** Which of the following items ***cannot*** be recorded in the capital account of partners if the capital accounts of partners are fixed ? *1*

(A) Drawings

(B) Withdrawal of capital

(C) Introduction of additional capital

(D) Opening balance of capital

**13.** Maharaja Ltd. took over assets of ₹ 15,00,000 and liabilities of ₹ 2,00,000 of Dolphin Ltd. for an agreed purchase consideration of ₹ 12,60,000. It was agreed that the purchase consideration will be paid by issuing 11% Debentures of ₹ 100 each at 10% discount. The number of debentures issued will be : *1*

(A) 13,000 (B) 12,600

(C) 10,000 (D) 14,000

*Read the following hypothetical situation and answer Questions No.* ***14*** *and* ***15*** *on the basis of the given information.*

Vivek and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2022, their capitals were ₹ 8,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. On 1st July, 2022, Vivek introduced additional capital of ₹ 2,00,000. During the year, Vivek's drawings were ₹ 40,000 while drawings of Nisha were ₹ 80,000. As per the partnership agreement, interest on capital is allowed @ 6% p.a., interest on drawings will be charged @ 5% p.a. The net profit for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 6,50,000.

**14.** The amount of interest on drawings of Nisha would be : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,800

collegebatch.com

**15.** विवेक को देय पूँजी पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 57,000 (D) ₹ 24,000

**16.** (i) किशोर और बिमल एक फर्म में साझेदार हैं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । नन्द को लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए फर्म में एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । किशोर और बिमल ने निर्णय लिया कि वे भविष्य में लाभ-हानि बराबर-बराबर अनुपात में विभाजित करेंगे । किशोर और बिमल का त्याग अनुपात होगा : *1*

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 11 : 3 (D) 3 : 11

**अथवा**

(ii) राजू, सोहन और टीना एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । टीना को लाभ के भाग के रूप में प्रति वर्ष न्यूनतम ₹ 40,000 की गारंटी दी गई । इस कारण हुई किसी भी कमी को राजू द्वारा वहन किया जाएगा । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में यदि फर्म का लाभ ₹ 1,60,000 है, तो राजू द्वारा वहन की जाने वाली कमी होगी : *1*

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 4,000

**17.** (क) प्रीति लिमिटेड ने पायल लिमिटेड से ₹ 5,40,000 की परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 1,20,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 5,28,000 के क्रय मूल्य पर किया । प्रीति लिमिटेड ने आधी राशि का भुगतान एक चैक द्वारा तथा शेष राशि का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए प्रीति लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

collegebatch.com

**15.** Interest on capital payable to Vivek will be : *1*

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 57,000 (D) ₹ 24,000

**16.** (i) Kishore and Bimal are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. Nand is admitted as a new partner in the firm for $\frac{1}{4}$ th share in the profits. Kishore and Bimal decide to share profits and losses equally in the future. The sacrificing ratio of Kishore and Bimal will be : *1*

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 11 : 3 (D) 3 : 11

**OR**

(ii) Raju, Sohan and Tina are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Tina is guaranteed a minimum amount of ₹ 40,000 as share of profit every year. Any deficiency arising on that account shall be borne by Raju. If profit of the firm for the year ended 31$^{st}$ March, 2023 is ₹ 1,60,000, Raju will bear a deficiency of : *1*

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 4,000

**17.** (a) Priti Ltd. purchased assets worth ₹ 5,40,000 and took over liabilities of ₹ 1,20,000 of Payal Ltd. for a purchase consideration of ₹ 5,28,000. Priti Ltd. paid half the amount by cheque and the balance was settled by issuing 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Priti Ltd. *3*

**OR**

collegebatch.com

(ख) धातु लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 11% ऋणपत्रों को ₹ 50 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । पूरी राशि का भुगतान आवेदन पर देय था । 5,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 1,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया ।

धातु लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**18.** सोहम, आशीष, विशेष तथा राशि एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभ-हानि का विभाजन 2 : 1 : 1 : 1 के अनुपात में करने का निर्णय लिया । उनका स्थिति विवरण ₹ 80,000 का सामान्य संचय दर्शा रहा था । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 5,00,000 किया गया ।
लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण उपर्युक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए । *3*

**19.** (क) प्रतीक, चारु तथा सिरिमा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को प्रतीक फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । चारु और सिरिमा ने निर्णय लिया कि नई फर्म की पूँजी ₹ 6,30,000 होगी । सेवानिवृत्ति की तिथि को चारु और सिरिमा के पूँजी खाते सभी समायोजनों के पश्चात् क्रमशः ₹ 4,35,000 तथा ₹ 1,89,000 का जमा शेष दर्शा रहे थे । साझेदारों द्वारा फर्म में लाई जाने वाली नगद की वास्तविक राशि अथवा उन्हें भुगतान की जाने वाली नगद राशि की गणना कीजिए । आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ भी कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) चमन, बर्मन तथा अमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । अमन को प्रति वर्ष उसके लाभ के भाग के रूप में न्यूनतम ₹ 60,000 की गारंटी दी गई थी ।
31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए शुद्ध लाभ की राशि ₹ 1,20,000 थी ।
फर्म की पुस्तकों में साझेदारों के बीच लाभ-विभाजन दर्शाते हुए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

collegebatch.com

(b) Dhatu Ltd. invited applications for issuing 4,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 50 per debenture. Full amount was payable on application. Applications were received for 5,000 debentures. Applications for 1,000 debentures were rejected and application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants.
Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Dhatu Ltd. *3*

**18.** Soham, Ashish, Vishesh and Rashi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. With effect from 1st April, 2023, they decided to share profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 1 : 1. Their Balance Sheet showed a General Reserve of ₹ 80,000. The goodwill of the firm was valued at ₹ 5,00,000.

Pass necessary journal entries for the above on account of change in the profit sharing ratio. Show your working clearly. *3*

**19.** (a) Prateek, Charu and Sirima were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Prateek retired from the firm on 31st March, 2023. Charu and Sirima decided that the capital of the new firm will be ₹ 6,30,000. The capital accounts of Charu and Sirima after all adjustments on the date of retirement showed a credit balance of ₹ 4,35,000 and ₹ 1,89,000 respectively. Calculate the amount of actual cash to be brought into the firm or to be paid to the partners. Also pass necessary journal entries. *3*

**OR**

(b) Chaman, Burman and Aman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Aman was guaranteed a minimum amount of ₹ 60,000 as his share of profit every year.
The net profit for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 1,20,000.
Pass necessary journal entries in the books of the firm showing the distribution of profit amongst the partners. *3*

collegebatch.com

**20.** 1 अप्रैल, 2023 को एक साझेदारी फर्म की पुस्तकें ₹ 5,00,000 की परिसम्पत्तियाँ दर्शा रही थीं, जिसमें ₹ 23,000 नगद तथा ₹ 27,000 का बैंक शेष सम्मिलित था । साझेदारों के पूँजी खाते ₹ 3,50,000 का शेष दर्शा रहे थे और बाकी की राशि का संचय था । यदि लाभ की सामान्य प्रतिफल दर 10% है तथा फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के 4 वर्षों के क्रय के आधार पर ₹ 1,00,000 किया गया है, तो फर्म के औसत लाभों को ज्ञात कीजिए । *3*

**21.** आर आर लिमिटेड ₹ 8,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी, जो ₹ 10 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों/शेयरों में विभाजित थी । कम्पनी ने जनता से 40,000 समता अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्रस्तावित किए । प्रति अंश/शेयर राशि निम्न प्रकार से देय थी :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 5 |
| आबंटन पर | – | ₹ 3 |
| प्रथम एवं अंतिम याचना पर | – | शेष |

निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हुआ तथा सभी देय राशियाँ प्राप्त कर ली गईं केवल सीमा को आबंटित 2,000 अंशों/शेयरों को छोड़कर जिन पर आबंटन तथा याचना राशि नहीं मिली ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश/शेयर पूँजी दर्शाइए । इसके लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

**22.** अदिति, रेनू एवं वर्षा एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2023 को अदिति, रेनू एवं वर्षा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भवन | 6,00,000 |
| अदिति | 5,00,000 | | मशीनरी | 3,00,000 |
| रेनू | 4,00,000 | | स्टॉक | 1,00,000 |
| वर्षा | 3,00,000 | 12,00,000 | पेटेन्ट्स | 1,50,000 |
| सामान्य संचय | | 1,00,000 | देनदार | 2,50,000 |
| लेनदार | | 2,00,000 | रोकड़ | 1,00,000 |
| | | 15,00,000 | | 15,00,000 |

**20.** On 1st April, 2023, the books of a partnership firm showed assets of ₹ 5,00,000 including cash of ₹ 23,000 and bank balance of ₹ 27,000. The partners' capital accounts showed a balance of ₹ 3,50,000 and reserves constituted the rest. If the normal rate of return is 10% and the goodwill of the firm is valued at ₹ 1,00,000 at 4 years purchase of super profits, find the average profits of the firm. *3*

**21.** RR Ltd. was registered with an authorised capital of ₹ 8,00,000 divided into 80,000 equity shares of ₹ 10 each. The company offered to the public for subscription 40,000 equity shares. The amount per share was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | – | ₹ 5 |
| On Allotment | – | ₹ 3 |
| On first and final call | – | Balance |

The issue was fully subscribed and all amounts due were received except the allotment and call money on 2,000 shares allotted to Seema.

Present the Share Capital in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013. Also prepare 'Notes to Accounts' for the same. *4*

**22.** Aditi, Renu and Varsha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 5. On 31st March, 2023 their Balance Sheet was as under :

**Balance Sheet of Aditi, Renu and Varsha as at 31st March, 2023**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Buildings | 6,00,000 |
| Aditi | 5,00,000 | | Machinery | 3,00,000 |
| Renu | 4,00,000 | | Stock | 1,00,000 |
| Varsha | 3,00,000 | 12,00,000 | Patents | 1,50,000 |
| General Reserve | | 1,00,000 | Debtors | 2,50,000 |
| Creditors | | 2,00,000 | Cash | 1,00,000 |
| | | 15,00,000 | | 15,00,000 |

collegebatch.com

31 जुलाई, 2023 को वर्षा की मृत्यु हो गई । किसी साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी समझौते में निम्न का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर ब्याज 6% वार्षिक दर से दिया जाएगा ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभों के 3 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा, जो ₹ 90,000 थे ।

(iii) मृत्यु की तिथि तक लाभ अथवा हानि में वर्षा के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का विक्रय ₹ 60,00,000 था तथा 1 अप्रैल, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक ₹ 15,00,000 था । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ ₹ 12,00,000 था ।

वर्षा के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए वर्षा का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

**23.** निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) हीरो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

(ii) शशी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

(iii) मुरेटो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

**24.** मनीष और निखिल की साझेदारी फर्म के विघटन पर विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ एवं बैंक शेष के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । मनीष और निखिल 5 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । *6*

(i) मनीष अपने पिता के ₹ 50,000 के ऋण के भुगतान के लिए सहमत हो गया ।

collegebatch.com

Varsha died on 31st July, 2023. The partnership deed provided for the following, on the death of a partner :

(i) Interest on capital was to be provided @ 6% p.a.

(ii) Goodwill of the firm was to be valued at 3 years purchase of average profits of the previous five years which were ₹ 90,000.

